महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com
Website: www.msdsu.ac.in

पत्रांकः— 4602 / कु0का0 / 2024 दिनांक—03.10.2024

विज्ञप्ति

महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ परिसर में शैक्षणिक सत्र 2024—25 में परास्नातक स्तर पर निम्नलिखित **06 विषयों— अर्थशास्त्र, हिन्दी, समाजशास्त्र, एलएल0एम0 (विधि) एवं प्रबंधन और व्यवसाय प्रशासन (बी0बी0ए0)** में अध्यापन कार्य **हेतु अतिथि प्रवक्ताओं** का पैनल तैयार किया जाना है। उक्त विषयों / पाठ्यक्रमों में अतिथि प्रवक्ताओं के चयन हेतु वॉक—इन—इन्टरव्यू विश्वविद्यालय परिसर (आजमगढ़—गाजीपुर राजमार्ग से 2.4 कि.मी. फोरलेन रोड) में अधोलिखित विवरणानुसार आयोजित किया जायेगा—

क्र0सं0	साक्षात्कार की तिथि एवं समय	विषय / पाठ्यक्रम
01	14 / 10 / 2024 प्रातः 10:00 बजे से	अर्थशास्त्र, हिन्दी तथा जन्तु विज्ञान।
02	15 / 10 / 2024 प्रातः 10:00 बजे से	समाजशास्त्र, एलएल0एम0 (विधि) तथा प्रबंधन और व्यवसाय प्रशासन (बी0बी0ए0)।

उपर्युक्त विषयों में प्रत्येक विषय हेतु आवश्यकतानुसार 01 / 02 / 03 अतिथि प्रवक्ताओं का चयन किया जाना है। चयन हेतु इच्छुक अर्हताधारी (यू0जी0सी0 रेग्युलेशन 2018 व संगत शासनादेश 28 जून, 2019 के अनुसार) अभ्यर्थी उपर्युक्त तिथि एवं समय पर अपने सभी मूल प्रमाण—पत्रों, सभी प्रमाण—पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों का एक सेट एवं दो रंगीन फोटोग्राफ (पासपोर्ट साइज़) सहित उपस्थित होकर वॉक—इन—इन्टरव्यू में सम्मिलित होने हेतु आमंत्रित हैं। अतिथि प्रवक्ताओं हेतु रू0 1000 / —प्रति व्याख्यान (प्रति घण्टा), प्रति माह अधिकतम रू0 40000 / — मानदेय देय होगा। साक्षात्कार हेतु विश्वविद्यालय द्वारा किसी प्रकार का मार्ग व्यय / भत्ता देय नहीं होगा।

(विशेश्वर प्रसाद)
कुलसचिव

प्रतिलिपि— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. निजी सचिव, कुलपति को, माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. वित्त अधिकारी, महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ।
3. उप कुलसचिव, महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ।
4. प्रभारी वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
5. सम्बन्धित ई—मेल एवं विभिन्न सोशल मीडिया माध्यमों से व्यापक स्तर प्रचार—प्रसार हेतु।
6. सम्पादक, दैनिक समाचार पत्र—दैनिक जागरण / हिन्दुस्तान / अमर उजाला, जनहित में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
7. गार्ड फाइल।

कुलसचिव